पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने सेवानिवृत्त आरक्षी वाहन चालक को सम्मानित किया

लखनऊः 02 **अप्रैल**, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने आज राजभवन सुरक्षा में तैनात वाहन चालक, श्री शारदा प्रसाद सिंह को उनकी सेवानिवृत्ति के अवसर पर सम्मानित किया। राज्यपाल ने दीघार्यु एवं स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए श्री शारदा प्रसाद सिंह के कार्य की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि राजभवन के दरवाजे उनके लिए सदैव खुले हैं।

मुख्य सुरक्षा अधिकारी, श्री इन्द्रजीत सिंह रावत ने उनके कर्तव्यनिष्ठा और समर्पित सेवा के लिए तारीफ की। उल्लेखनीय है कि श्री शारदा प्रसाद सिंह 41 **वर्ष की सेवा करने के बाद आज राजभवन से सेवानिवृत्त हुए हैं।**